GREENPANEL®

GPIL/2026-27
August 10, 2026

BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai – 400001

Scrip Code: 542857

National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor,
Plot no. C/1, G Block
Bandra – Kurla Complex , Bandra (E),
Mumbai – 400051

Symbol: GREENPANEL

Dear Sir/Madam,

Sub: <u>Submission of copies of newspaper publication of unaudited financial results for the quarter ended June 30, 2026</u>

Kindly find enclosed copies of the newspaper publications of the unaudited financial results of the Company for the quarter ended June 30, 2026 as published on August 10, 2026, in the "Business Standard" (English and Hindi, all India edition).

Kindly take the above on records.

Thanking you,

Yours Faithfully,

For **Greenpanel Industries Limited**

Lawkush Prasad

Digitally signed by Lawkush Prasad
DN: c=IN, o=Personal, postalCode=700084, l=South 24 Parganas, st=West Bengal, street=574/2 TALTALA MORE, Garia, Sonarpur West Bengal India 700084 KAMDAHARI PURBA PARA, title=5133, 2.5.4.20=2f7fbd1e58b5e51508ed025eee3b91df42bd1058e7d68ee03fc8e13ba32aba67, serialNumber=6c077248c9a3ee316304147a2a53578f50370844513a6b8a9edf086e226dbc4d, email=lawkushprasad@yahoo.com, cn=Lawkush Prasad
Date: 2026.08.10 17:55:03 +05'30'

<u>Company Secretary and Compliance Officer</u>
ACS : 18675

quick scroll @BS

Apple tests China's CXMT memory chips for iPhones and MacBooks

Apple has been testing memory chips from China's CXMT across product lines, including iPhones and MacBooks, to mitigate a component shortage fueled by the AI boom, the *Wall Street Journal* reported on Sunday. Apple had held talks with CXMT, which is China's largest chipmaker by market value, about supplying components with the goal of using them in some devices sold in China, the report said, citing people familiar with the matter. *Reuters* could not immediately verify the report. Apple and CXMT did not respond to *Reuters'* requests for comment. REUTERS

Samsung tracking consumer AI adoption

Samsung Electronics is closely tracking how consumers are adopting and using artificial intelligence (AI) in their everyday lives, with the company relying on feedback from local markets to shape future AI experiences, a top Samsung official said. Samsung Electronics Corporate EVP, head of customer experience office, MX division, Jay Kim said Samsung's goal is to make AI work seamlessly in the background, enabling users to complete tasks effortlessly without having to think about the underlying technology. PTI

China's Moore Threads plans Hong Kong listing

Artificial intelligence chip-maker Moore Threads Technology Co. said it plans to list in Hong Kong at an "appropriate time" after its shares have surged more than 420 per cent since their Shanghai debut last year. The Beijing-based firm is planning a Hong Kong offering to deepen its internationalisation strategy and attract outstanding research and development and management talent, said a filing released Sunday. Threads reported a first-half net loss of 11.6 million yuan ($1.72 million), down from 270.9 million yuan in the same period last year, said a separate filing. BLOOMBERG

CORRECTION

In the report, 'Improving hardware capabilities must for deeptech ecosystem: Nasscom V-C', published on August 7, Srikanth Velamakanni was incorrectly identified as Nasscom's vice-chairman. He is Nasscom's chairperson.
The error is regretted.

FY27 INVESTMENT ANNOUNCEMENTS SO FAR

Data centre, AI pick of ₹26.75 trn plans

ANANYA PODDER
New Delhi, 9 August

Investment announcements in India added up to ₹26.75 trillion between April 1 and August 5 of 2026-27, with the information technology-enabled services (ITeS) sector accounting for 56 per cent of the proposed investments amid global uncertainties, according to a report by Bank of Baroda's economics research department.

Almost 99 per cent of the ₹14.98 trillion in investment announcements in the ITeS sector are in data centres and artificial intelligence (AI), involving 13 companies, the report said.

The investment announcements remain narrowly concentrated, however, and have yet to spread to consumer-oriented industries. Announcements in consumer goods, including automobiles, amounted to less than ₹2,000 crore, it said.

The other electronics segment saw investment announcements of around ₹51,000 crore, with almost two-thirds of the proposed investments going into solar cells and batteries. "A part of this can also be linked to the production-linked incentive scheme, which provides incentives," the report said.

Renewable energy accounted for around ₹25,000 crore of proposed investments, mainly in solar power-related activities. Aluminium and steel, meanwhile, are seeing higher investment on the back of demand from infrastructure activity, the report said.

Conventional electricity was the second-largest category, accounting for ₹6.86 trillion of proposed investments by seven companies. Four of these companies, with a combined envisaged outlay of ₹6.5 trillion, are in the nuclear power sector, it said.

The domestic private sector accounted for 86 per cent of the total investment announcements, followed by foreign private companies at 7.9 per cent. Central government entities and commercial enterprises accounted for 5.6 per cent, while state government entities and commercial enterprises accounted for 0.4 per cent.

The report expects India's gross domestic product growth to be 6.6-6.8 per cent this year, lower than last year but still among the highest globally. Investment growth is expected at 8.5-9.5 per cent, marginally below the 9.9 per cent recorded last year. The report credited the moderation mainly to uncertainty arising from the war in West Asia.

Where the money flows



Distribution of investment announcements across ownership groups

	Investment announcements (₹ cr)	Share in total
Private Indian	23,01,828	86
Private (foreign)	2,11,344	7.9
Central govt, commercial enterprises etc	1,50,737	5.6
State govt, commercial enterprises etc	11,571	0.4
Grand	26,75,479	100

Source: CMIE, Capex database as on August 6, 2026 (Bank of Baroda)

Coding agents won't replace software engineers: Datadog

Q&A Datadog, the US company that provides cloud-based monitoring and data analytics platform, has about 100 employees in India. In a virtual interaction from New York, Cofounder and Chief Technology Officer **Alexis Le Quoc** talks to Avik Das about the complexities of modern software, impact of coding agents and why they are unlikely to make software engineers irrelevant. Edited excerpts:

Datadog describes itself as a cloud-based monitoring and analytics platform. What are some of the key parameters that you monitor for enterprises?

■ We started about 16 years ago during the onset of cloud and our initial position was to help companies understand their cloud deployments, as there was a lack of visibility across the board. It is a bit of a similar story with artificial intelligence (AI), where there's a tremendous lack of visibility that's coupled with a tremendous capability that AI brings. And that's causing a lot of anxiety among customers and an opportunity for us to provide that visibility and sense of control on anything that touches performance, security, and cost of AI applications. That makes us a critical piece of the infrastructure. Just like it is very risky to run a large cloud footprint without any kind of observability at all, it is equally risky and costly to run AI applications without observability.

Your Cofounder Olivier Pomel has often talked about how modern software has become extremely complex. What are some of the complexities that have emerged because of AI in software?

"AT THE END OF THE DAY, THE BUSINESS IS STILL BY AND FOR THE PEOPLE, WHICH MEANS THAT HUMANS ARE VERY MUCH IN THE LOOP"

Alexis Le Quoc
Cofounder & Chief Technology Officer, Datadog

■ There are a couple of dimensions to this. One is AI, which allows us to create more software and it is not that we have more people who manage that. So at some point, the quantity of software can reach a scale velocity where without the proper tooling, it's too complex and we won't be able to sustain it. The other part is, since software can use AI, the behaviour that the technology brings into traditional software is very different from what we used to see. Software used to be the epitome of deterministic behaviour, where you write the code and know what that is supposed to do.

But now, we have these models that are inherently statistical. And so, there are a bunch of techniques where you can generally coerce behaviour to do what you want, but you never have the mathematical certainty. So that does not quite create a deterministic behaviour. It's too complex for the human mind to just observe with your own eyes. At the end of the day, the business is still by and for the people, which means that humans are very much in the loop. However, they cannot be in the loop in the same way as earlier, where one could see what the software was doing.

How do organisations then reshape their workforce with humans and agents working together?

■ With coding agents, we have pockets where small things go very fast and then they hit a wall and slow down. For a while, we have been operating with the two-pizzeria team rule of six to 10 people, and that is now being questioned. It seems unlikely that organisations will be a bunch of individuals who work on their own and there are no teams anymore, because that is not sustainable. So, the industry is figuring out that while we can write a lot more code faster and correctly, can it be done securely. And for that, we need people. I don't see how coding agents are going to obviate the need for software engineers or software engineering as a profession is over.

इसरो 6 साल में भेजेगा 300 उपग्रह!

वर्ष 2035 तक अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने का लक्ष्य, इस साल के अंत तक गगनयान का होगा परीक्षण

साइन जेकब

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चेयरमैन वी. नारायणन ने कहा है कि भारत अगले पांच-छह साल में कम से कम 300 और उपग्रह अंतरिक्ष में भेजने की योजना बना रहा है। साथ ही वर्ष 2035 तक भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन तैयार करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन कार्यक्रम 'गगनयान' का मानवरहित मिशन इस साल के अंत तक लॉन्च किया जाएगा।

यह घोषणा ऐसे समय हुई है, जब अंतरिक्ष क्षेत्र की नियामक संस्था, इन-स्पेस ने तमिलनाडु के कुलशेखरपत्तनम में बन रहे इसरो के स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च कॉम्प्लेक्स (एसएलसी) के संचालन और प्रबंधन की जिम्मेदारी निजी क्षेत्र को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस परियोजना में करीब 986 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है।

चेन्नई के पास महाबलीपुरम में शनिवार को ग्रेट लेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के 22वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए अंतरिक्ष आयोग के चेयरमैन और अंतरिक्ष विभाग के सचिव नारायणन ने कहा, 'इस साल के अंत तक गगनयान का पहला बिना इंसान वाला रॉकेट श्रीहरिकोटा से उड़ान भरेगा। हम 2035 तक अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने हमें अगले पांच से छह साल में कम से कम 300 उपग्रहों को अंतरिक्ष की कक्षा में भेजने का लक्ष्य दिया है।'

उन्होंने कहा कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम पिछले कुछ दशकों में काफी आगे बढ़ा है। एक समय भारत दूसरे देशों के रॉकेट और उपग्रहों पर निर्भर था लेकिन अब भारतीय रॉकेट की मदद से 36 देशों के 434 विदेशी उपग्रह व्यावसायिक तौर पर अंतरिक्ष में भेजे जा चुके हैं। नारायणन ने यह भी बताया कि हाल के 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत ने 20 से ज्यादा उपग्रहों का इस्तेमाल किया था।

ग्रेट लेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट चेन्नई के दीक्षांत समारोह में इसरो के चेयरमैन वी नारायणन (बीच में)

वैज्ञानिकों ने टाला बड़ा हादसा

पिछले साल शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) तक पहुंचने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बने। राकेश शर्मा के बाद वह अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय भी हैं। हालांकि, नारायणन के मुताबिक इस मिशन की लॉन्चिंग के दौरान एक संभावित बड़े हादसे को टालने में इसरो के वैज्ञानिकों की अहम भूमिका रही। इस मिशन को पहले 11 जून को लॉन्च किया जाना था, लेकिन बाद में इसे 25 जून को लॉन्च किया गया।

नारायणन ने बताया कि 10 जून को वह और उनकी टीम अमेरिका के कैनेडी स्पेस सेंटर में मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें पता चला कि शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने वाले फाल्कन रॉकेट में लीकेज की समस्या है। उन्होंने कहा कि वहां मौजूद टीम ने इस मुद्दे पर चर्चा की और समस्या को ठीक किए बिना लॉन्च की तैयारी आगे बढ़ रही थी। लेकिन करीब 40 साल के अपने अनुभव के आधार पर इसरो के वैज्ञानिकों को लगा कि यह गंभीर मामला है और इसे ठीक करना जरूरी है। नारायणन ने कहा, 'हमने इसे ठीक करने पर जोर दिया। जब रॉकेट की जांच की गई तो उसमें दरार मिली। हमारी आपत्ति के बाद रॉकेट की लॉन्चिंग रोक दी गई। इस तरह एक बड़े और गंभीर हादसे को टाल दिया गया।'

एसएलसी के संचालन में निजी क्षेत्र की अहम भूमिका

अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक और कदम उठाया गया है। इन-स्पेस ने पिछले हफ्ते एक प्रस्ताव जारी किया है जिसके तहत तमिलनाडु के तूतुकुडी जिले के कुलशेखरपत्तनम में मौजूद एसएलसी के संचालन और प्रबंधन की जिम्मेदारी किसी भारतीय निजी कंपनी को सौंपी जाएगी।

यह कदम केंद्र सरकार की ओर से अंतरिक्ष क्षेत्र में किए गए सुधारों और 'भारतीय अंतरिक्ष नीति-2023' के अनुरूप है। इन सुधारों के तहत निजी कंपनियों को भी अंतरिक्ष क्षेत्र में काम करने का मौका दिया गया है।

इसरो के माध्यम से इन-स्पेस, एसएलसी में तैयार की गई सुविधाओं को चुनी गई निजी कंपनी को सौंपने में मदद करेगा। यह कंपनी इन सुविधाओं का संचालन और प्रबंधन करेगी।

इस योजना के लिए ऐसी सक्षम भारतीय कंपनियों से आवेदन मांगे गए हैं जिन्हें बड़े और अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े बुनियादी ढांचा एवं परिचालन परियोजनाओं को पूरा करने और संभालने का अनुभव हो। इच्छुक कंपनी को एसएलसी का संचालन और प्रबंधन की जिम्मेदारी लेकर रॉकेट लॉन्च करने वाली कंपनियों को व्यावसायिक लॉन्च सेवाएं उपलब्ध करानी होंगी।

जिम्मेदारी सौंपने की प्रक्रिया को आसान बनाने और निजी कंपनी की क्षमता विकसित करने के लिए इसरो कुछ समय तक उसे तकनीकी मार्गदर्शन, संचालन में मदद, प्रशिक्षण और जरूरी सहयोग देगा। यह सहायता उस समय तक दी जाएगी जब तक चुनी गई कंपनी रॉकेट लॉन्च करने वाली कंपनियों के लिए तीन लॉन्च सेवाएं पूरी नहीं कर लेती या एक साल पूरा नहीं हो जाता। इनमें से जो भी पहले होगा, वहीं यह सहायता खत्म हो जाएगी।

नारायणन ने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के विकास को मेहनत, धैर्य और अपनी तकनीक विकसित करने की क्षमता का शानदार उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि 1963 में भारत की धरती से लॉन्च किए गए पहले रॉकेट के हिस्से साइकिल पर ले जाए गए थे। वहीं आज भारत चंद्रयान-3 के जरिये चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास ऐतिहासिक सफल लैंडिंग कर चुका है और देश ने अपनी क्रायोजेनिक इंजन तकनीक भी विकसित कर ली है। उन्होंने कहा कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा की सबसे बड़ी खासियत यह रही है कि सीमित संसाधनों के बावजूद मुश्किलों को पार किया और अपनी तकनीक व क्षमता खुद विकसित की।

उन्होंने कहा कि इसरो की कहानी सिर्फ तकनीकी उपलब्धियों की नहीं बल्कि बेहतर प्रबंधन और नेतृत्व की भी सीख देती है। अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों, तकनीकी जानकारों, अंतरराष्ट्रीय साझेदारों और जटिल तकनीकी जरूरतों को एक साथ लेकर काम करना आसान नहीं होता। इसके लिए सिर्फ किसी एक व्यक्ति की प्रतिभा काफी नहीं है बल्कि जरूरी है कि लोग एक टीम की तरह काम करें, एक-दूसरे पर भरोसा करें और एक साझा लक्ष्य पर ध्यान बनाए रखें। नारायणन ने दीक्षांत समारोह में छात्रों से कहा, 'इसरो की सफलता उसकी टीम की वजह से है।'

'जो खेलेगा, वही खिलेगा युवाओं का हौसला बढ़ाएं'


नई दिल्ली में विजेता खिलाड़ियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

भाषा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों से पदक जीतकर लौटे भारतीय खिलाड़ियों से आज मुलाकात की और प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी। मोदी ने खिलाड़ियों से हुई मुलाकात का इंस्टाग्राम पर एक छोटा वीडियो साझा किया। प्रधानमंत्री से मिलने वाले खिलाड़ियों में मुक्केबाज साक्षी चौधरी भी शामिल थीं जिन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं की 51 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। ग्लासगो में भारत का प्रदर्शन शानदार रहा और देश ने कुल 39 पदक जीते जिनमें 13 स्वर्ण पदक शामिल थे। साक्षी ने कहा, 'हमारे माननीय प्रधानमंत्री ने राष्ट्रमंडल खेलों के सभी पदक विजेताओं का स्वागत किया और हमें इस बात पर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। उनसे मिलकर हमें बहुत अच्छा लगा। वह बहुत विनम्र हैं।' खिलाड़ियों से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'जो खेलेगा, वो खिलेगा। हमेशा भारत का हौसला बढ़ाइए।'

ग्लासगो में भारत का प्रदर्शन शानदार रहा और देश ने कुल 39 पदक जीते जिनमें 13 स्वर्ण पदक शामिल थे।

भारत छोड़ो आंदोलन हर भारतीय के लिए प्रेरणा

एक अन्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने ऐतिहासिक 'भारत छोड़ो आंदोलन' में हिस्सा लेने वाले लोगों को याद करते हुए कहा कि उनका साहस हर भारतीय के लिए हमेशा प्रेरणा बना रहेगा। 'भारत छोड़ो आंदोलन' महात्मा गांधी के नेतृत्व में 9 अगस्त, 1942 को शुरू हुआ था।

इस आंदोलन ने देश की स्वतंत्रता की लड़ाई को निर्णायक गति दी थी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'ऐतिहासिक भारत छोड़ो आंदोलन में हिस्सा लेने वाले सभी लोगों को याद कर रहा हूं। उनका साहस हर भारतीय के लिए हमेशा प्रेरणा बना रहेगा।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'भारत छोड़ो' के आह्वान ने स्वतंत्रता संग्राम में नयी ऊर्जा का संचार किया और औपनिवेशिक शासन से मुक्ति पाने के लोगों के अटूट संकल्प को दर्शाया। 9 अगस्त, 2026 को भारत छोड़ो आंदोलन के 84 वर्ष पूरे हो गए।

'हर घर तिरंगा' अभियान में सभी हिस्सा लें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में उत्साह के साथ हिस्सा लेने की अपील करते हुए कहा कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज देश का गौरव है और यह देश के लिए हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने की निरंतर प्रेरणा देता है। 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत 2022 में शुरू हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान अब एक सालाना राष्ट्रीय परंपरा बन गया है, जिसमें करोड़ों नागरिक हर स्वतंत्रता दिवस पर स्वेच्छा से राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं।

ऑपरेशन सिंदूर सशस्त्र बलों की वीरता का प्रदर्शन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक कार्यक्रम में कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश के सशस्त्र बलों की अद्वितीय वीरता का प्रदर्शन किया और दुनिया को यह संदेश दिया कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है।

वह यहां दिल्ली छावनी के बेस अस्पताल में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादियों और उनके आकाओं को खत्म करने तथा भारत पर बुरी नजर डालने की हिम्मत करने वालों को कड़ा सबक सिखाने के लिए सशस्त्र बलों की तारीफ की। पहलगाम के आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने मई 2025 में 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था। सिंह ने यहां बेस अस्पताल में 'सिंदूर महारक्तदान यात्रा' में कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर' ने हमारे रक्षा बलों की अद्वितीय वीरता को दिखाया।

मॉनसून सत्र में महज चार दिन शेष, शाह के बयान से पीछे हटने को तैयार नहीं विपक्ष

बीएस संवाददाता

संसद का मॉनसून सत्र 13 अगस्त को समाप्त हो रहा है। यानी मौजूदा सत्र में अब केवल चार बैठकें शेष रह गई हैं। विपक्ष का कहना है कि वह दोनों सदनों में विरोध करने से पीछे नहीं हटेगा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जंतर-मंतर पर 20 जुलाई को प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई पर संसद में जवाब देने की मांग पर अड़ा रहेगा।

राज्य सभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने गुरुवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू से कहा कि वह सदन की भावनाएं शाह तक पहुंचाएं। रीजीजू ने शुक्रवार को लोक सभा में कहा कि विपक्ष यह तय नहीं कर सकता कि कौन सा मंत्री सदन में आएगा और उनके सवालों का जवाब देगा।

रविवार को कांग्रेस के जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर अपने एक पोस्ट में याद दिलाया कि 13 दिसंबर, 2023 को लोक सभा में सुरक्षा में चूक हुई थी जब दो लोग दर्शक दीर्घा से सदन में कूद गए थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने बार-बार शाह से बयान की मांग की मगर वह चुप रहे और अब वह पुलिस कार्रवाई के मामले में वही रवैया अपना रहे हैं।

रमेश ने कहा, '14 से 21 दिसंबर 2023 के बीच 146 सांसदों (लोक सभा में 100 और राज्य सभा में 46) निलंबित किए गए थे।' सत्र के बाकी समय में विपक्ष की बहुत कम मौजूदगी के बीच संसद ने कई अहम कानून पास किए। इनमें तीन आपराधिक कानून सुधार विधेयक और मुख्य चुनाव आयुक्त व अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा शर्तों और कार्यकाल से जुड़ा एक और विधेयक शामिल थे। रमेश ने कहा, 'इतिहास को स्वयं को दोहराने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।'

सरकार ने अभी तक यह संकेत नहीं दिया है कि वह सत्र के बाकी समय में महिला आरक्षण और परिसीमन बिल पेश करेगी या नहीं। उसे द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के समर्थन की उम्मीद थी मगर तमिलनाडु की इस पार्टी ने कुछ शर्तें रखी हैं। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि संसद का सत्र इस महीने के आखिर तक बढ़ाया जा सकता है।

मिजोरम के मुख्यमंत्री ललदुहोमा ने गुरुवार को शाह से मुलाकात के बाद कहा कि 'विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक' पर गुरुवार को चर्चा होनी है। अमेरिका के कई कांग्रेस और सीनेट सदस्यों ने प्रस्तावित संशोधनों की आलोचना की है। भारत के विदेश मंत्रालय ने इन टिप्पणियों को यह दलील देकर खारिज किया है कि अमेरिका भी विदेशी रकम का प्रवाह नियंत्रित करता है।

शनिवार को अमेरिकी उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया। विदेश मंत्रालय के मुताबिक दोनों नेताओं ने व्यापार, रक्षा, अहम एवं उभरती हुई तकनीकों, ऊर्जा सुरक्षा और अहम खनिजों के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग और मजबूत करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मंत्रालय ने कहा कि उन्होंने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

सरकार ने सोमवार को लोक सभा में पेश किए जाने वाले चार नए विधेयकों की सूची जारी की है। संसद की कार्यवाही की सूची के मुताबिक इनमें से दो विधेयक गृह मंत्री शाह द्वारा पेश किए जाने हैं मगर इन्हें कोई कनिष्ठ मंत्री भी पेश कर सकता है।

पेश होने वाले विधेयक

- न्यायाधिकार सुधार विधेयक, 2026 राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग का गठन
- खान एवं खनिज (विकास एवं नियमन) संशोधन विधेयक. 2026 खान एवं खनिज (विकास एवं नियमन) अधिनियम,

1957 में संशोधन

- केरल (नाम परिवर्तन विधेयक), 2026 केरल का नाम बदल कर केरलम करना
- राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (संशोधन विधेयक), 2026 राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम अधिनियम

झारखंड : प्रदर्शनकारी सीबीआई जांच पर अड़े

भाषा

झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्र मामले की जांच सीबीआई से कराने की अपनी मांग पर रविवार को अड़े रहे, जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया।

राज्य सरकार और प्रदर्शनकारी छात्रों के बीच रविवार को आयोजित छठे दौर की बातचीत भी बेनतीजा रही। छात्र नेता रवींद्र पासवान ने कहा, 'हमारी ज्यादातर मांगें मान ली गई हैं, जिनमें 14वीं जेपीएससी परीक्षा को रद्द किया जाना भी शामिल है। हालांकि, जब तक सीबीआई जांच की हमारी मांग पूरी नहीं हो जाती, हम कोई समझौता नहीं करेंगे। हम 10 अगस्त को तय योजना के तहत झारखंड विधान सभा की ओर मार्च करेंगे।'

जेपीएससी के तीन सदस्यों का इस्तीफा

जेपीएससी के तीनों सदस्यों ने आयोग द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर हो रहे व्यापक विरोध-प्रदर्शनों के बीच रविवार को इस्तीफा दे दिया। लोक भवन की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अजीता भट्टाचार्य, अनिमा हांसदा और जमाल अहमद के इस्तीफे स्वीकार कर लिए।

फुकेत उड़ान: पायलट की रिपोर्ट का इंतजार

फुकेत से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की उड़ान के मुख्य पायलट को साइकोएक्टिव पदार्थ की शुरुआती जांच में संदिग्ध पाए जाने के बाद पुष्टि के लिए अंतिम परीक्षण से गुजरना पड़ा है। नागर विमानन मंत्रालय के अनुसार उड़ान के दौरान हवा में इस विमान की ऊंचाई अचानक घट गई थी। 4 अगस्त को फुकेत से दिल्ली आ रही एयरबस ए320 उड़ान भरते समय अचानक लगभग 300 फीट नीचे आ गई थी। हालांकि बाद में इसे नियंत्रित कर लिया गया और विमान दिल्ली में सुरक्षित उतर गया। इस घटना के दौरान कुछ यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को चोटें आई थीं। विमान में तीन नवजात शिशुओं सहित 137 यात्री और आठ चालक दल के सदस्य सवार थे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मानक संचालन प्रक्रियाओं के तहत घटना के बाद उड़ान चालक दल के दोनों सदस्यों की अनिवार्य साइकोएक्टिव पदार्थ की जांच की गई। मुख्य पायलट का नमूना अंतिम पुष्टि के लिए एक तय प्रयोगशाला में भेजा गया है, जिसकी अंतिम रिपोर्ट का इंतजार है। भाषा